>

Title: Need to expedite the setting up of an Oil Refinery in Barmer, Rajasthan.

श्री हरीश चौधरी (बाड़मेर): आजादी के 63 साल के बाद राजस्थान के थार मरूस्थली जिलों का विकास नहीं हुआ है। यहां के लोगों का जीवन मुख्य रूप से कृषि एवं पशुओं पर आधारित है। यहां के लोगों के पास रोजगार के अवसर नहीं हैं। बाडमेर में तेल एवं प्राकृतिक गैस भण्डार निकलने से लोगों को यह आशा हुई है कि अब उनके लोगों को रोजगार मिल जाएंगे। वाडमेर में रिफाइनरी स्थापित करने के लिए भौगोलिक, मानवीय एवं अन्य सभी पहलू अनुकूल हैं एवं सबसे बड़ी बात है कि बाडमेर में रिफाईनरी लगाने से थार मरूस्थलीय जिलों के विकास में योगदान मिलेगा। इसी बात को लेकर राज्य सरकार हर सहयोग देने के लिए आश्वासन दे चुकी है और केन्द्र सरकार को सूचित कर चुकी है। 2011 तक देश के पैट्रोलियम उत्पादन में बाडमेर भण्डार का योगदान 20 प्रतिशत होगा। राज्य के 18 सांसदों ने पत्र लिखकर माननीय पेट्रोलियम मंत्री जी को बाडमेर में रिफाईनरी लगाने का अनुरोध किया है। परन्तु इस दिशा में अभी तक सकारात्मक एवं प्रभावी ढंग से काम नहीं हुआ है जिसके कारण मरूभूमि के लोगों में काफी असंतोष है।

सदन के माध्यम से सरकार से अनुरोध है कि राजस्थान के बाडमेर जिले में रिफाईनरी लगाने के काम में तेजी लाई जाये जिससे रिफाईनरी स्थापित करके यहां के लोगों के सामाजिक, आर्थिक विकास में सहयोग दिया जाये।